प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

******************

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार, यूपीएससी सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

******************

राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है। आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने यह जानना चाहा कि सरकार कब राज्य में जातीय सर्वे करायेगी।

प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा जातीय सर्वे को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अगले वित्तीय वर्ष इसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

******************

विधानसभा में आज नगर निकाय चुनाव का भी मुद्दा उठा। विधायक सरयू राय ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि जिस तरह पंचायत चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के संपन्न हुआ लगता है, नगर निकाय चुनाव भी बिना ओबीसी आरक्षण के होगा। इसपर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि नगर निकाय चुनाव समय पर होगा। जरूरत पड़ी तो चुनाव कराने के लिए कोर्ट से समय मांगा जाएगा।

******************

साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड की बसहा पंचायत अंतर्गत नगरभिठ्ठा पहाड़ पर रहस्यमयी बीमारी से 10 दिनों में पांच आदिम जनजाती बच्चों की मौत हो गयी है जबकि दर्जनों बच्चे और बड़े इस बीमारी से पीड़ित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित बच्चों की सबसे पहले आंखें पीली पड़ने लगती हैं। फिर उन्हें सर्दी, खांसी, तेज बुखार और सिरदर्द की शिकायत होती है। इधर बीमारी की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल मेडिकल टीम को गांव भेजा है। डॉक्टरों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच शुरू कर दी है। मेडिकल टीम ने गांव के सभी लोगों का ब्लड सैंपल कलेक्ट किया, जिसे जांच के लिए धनबाद भेजा जा रहा है।

******************

लातेहार जिले के ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही शहरी क्षेत्र के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई स्तरों पर पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में नेशनल हाईवे 39 का निर्माण करा रही कंपनी की कथित मनमानी के खिलाफ आज राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के.एन त्रिपाठी ने सिंगरा से सतबरवा तक प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में पूर्व मंत्री और झामुमो नेता मिथिलेश ठाकुर का भी श्री त्रिपाठी को समर्थन मिला। श्री त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि रैयतों को भुगतान किए बैगर कंपनी मनमाने ढंग से नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही है।

******************

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकारक स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है।

इधर राज्य भर में विश्व तपेदिक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस सिलसिले में गिरिडीह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा ने कहा कि यह बीमारी पूरी तरह से ठीक होने वाली है। डीडीसी स्मृति कुमारी ने समाज के सभी लोगों से टीबी उन्मूलन में सहयोग की अपील की।

*******समाप्त*******